लापरवाही | 24 घंटे में मरीज की मौत, परिजनों ने डाक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप

# विवांता अस्पताल: पत्नी ने कहा, डॉक्टरों ने मेरे पति को मार डाला

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, हमेशा विवादों में रहने वाला विवांता अस्पताल गुरूवार को भी विवादों में रहा। सुबह 11 बजे करीब इलाज के दौरान डाक्टरों की लापरवाही से फिर ज्वाला बिहारे ने दम तोड़ दिया है। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया है। इस मौत का कसूरवार सीधा सीधा डाक्टरों को ठहराया है। परिजनों ने कहना है कि शाम 4 बजे से मरीज को रेफर करने के लिए कह रहे है। इसके बाद भी रेफर नहीं किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों को जैसे तैसे समझाया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल पीएम कराने पहुंचे।**

मृतक की पत्नी वर्षा बिहारे के मुताबिक ज्वाला पिता शंकर बिहारे उम्र 38 साल दमुआ वार्ड क्रमांक 8 का रहने वाला है। जो 108 में पायलेट था। उसे सायटिका जैसा दर्द हो रहा था। मंगलवार की रात करीब 10 बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई थी। परिजन तत्काल उसे निजी क्लीनिक ले गए। जहां इलाज के बाद परिजन घर ले आए। बुधवार की सुबह 108 से विवांता अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने तत्काल सभी जांच की। जिसमें ईसीजी, सिटी स्केन और एमआरआई शामिल है। इसके बाद मरीज को भती कर दिया गया। करीब चार बजे मरीज की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने डाक्टरों से कहा कि मरीज को रेफर कर दीजिए। विवांता अस्पताल के प्रबंधन और डाक्टर परिजनों के साथ टाला मटौली करते रहे। कभी डाक्टर नहीं होने का बहाना, तो कभी फाइल का बहाना बनाते रहे। डाक्टरों ने परिजनों की एक नहीं सुनी। इस तरह रात करीब 10 बजे मरीज का दर्द बढ़ गया। उसे कोई इंजेक्शन लगाया गया। जिसके बाद मरीज को गहरी नींद आ गई। डाक्टरों ने यह कहते हुए की मरीज की हालत नाजुक है। यह कहते हुए मरीज को वेंटीलेटर पर डाल दिया। इस तरह मरीज की सुबह 11 बजे करीब मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया।






**इनका कहना है**
एमआरआई कराने के बाद में मरीज की रीढ़ की हड्डी में गेप आया था। इसलिए उनको र्भ कया गातीया था। उनको दर्द होने के कारण इंजेक्शन लगाया गया था। रात में हालत बिगड़ने के बाद उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया। सुबह साढ़े 4 बजे मरीज को अटैक आ गया था। 11 बजे करीब उनकी मौत हो गइ।
ब-रलाम द्रमेघनानी
मैनेजर

### इंजेक्शन के बाद हुआ बीमार

परिजनों के मुताबिक ज्वाला की हालत ठीक-ठाक थी। चलने फिरने में हल्की दिक्कत हो रही थी। रात में जब डाक्टरों ने इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद उसकी हालत पूरी तरह बिगड़ गई। वह बेहोश हुआ तो फिर होश में नहीं आया। परिजनों का आरोप है कि डोज अधिक दिया है, इसीलिए मौत हुई है।

### वीडियोग्राफी की मांग

परिजनों ने मृतक का पीएक की मजिस्ट्रियल जांच कराने की मांग रखी थी। हालांकि उनकी मांग नहीं सुनी गई। इस बात को लेकर परिजन अड़े रहे। इस कारण तकरीबन पीएम आधा घंटे लेट हुआ। महज पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बिलख बिलख कर रो रहे थे परिजन

इधर मरच्युरी कक्ष के सामने शव को देखकर परिजन बिलख-बिलख कर रो पड़े। उसकी पत्नी का कहना है कि मेरे बच्चों की परवारिश कौन करेगा। परिजनों ने सवाल खड़े किए है कि मरीज को रेफर क्यों नहीं किया। क्यों बार बार रेफर के लिए टाला गया। मरीज को जो इंजेक्शन लगाया, उसका डोज कितना था। ये आरोपों की जांच की जानी चाहिए।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा।** दमुआ थाना क्षेत्र के कांगला गांव के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामल जांच में लिया है। जानकारी अनुसार इन्द्रसिंह राजभोपा पिता जोहरसिंह राजभोपा उम्र 50 साल निवासी ग्राम कांगला का रहने वाला है। वह मानसिक रूप से विछिस है। सुबह करीबन 10.30 बजे मेरे बड़े भाई रामलाल राजभोपा का मेरे पास फोन आया। जिसने मुझे बताया कि भतीजा अशोक राजभोपा ने बीजा पठार के जंगल में जामुन के पेड में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही तत्काल बीजापठार के जंगल पहुंचा। जहां देखा भतीजा जामुन के पेड़ में एक लाल रंग की चुनरी के फंदे में लटका हुआ है। उसके परिजनों ने बताया कि अशोक करीब 03 दिनों से अजीबों गरीब हरकतें कर रहा था। इस कारण उसने यह कदम उठाया होगा।

## बारिश और ओलावृष्टि से धनोरा सहित आसपास क्षेत्र की फसल बर्बाद

**बारिस व तूफानी हवाओं के साथ ओले गिरने से किसानों की फसल हुई बर्बाद**



**नवभारत न्यूज**
**धनोरा (जागीर), 19 मार्च, किसान फसलों पर ही आश्रित रहकर अपना व परिवार का जीवन यापन करते हैं इस वर्ष अच्छी बारिश होने से किसानों की मक्का की फसल की पैदावार अच्छी तो हुई लेकिन मक्के के भाव कम मिलने से किसानो के चेहरे में चिंता की लकीर खींच दी।**

मेहनत कस किसान पिछला दुखड़ा भुलाकर रवि की फसलों की पैदावार अच्छी हो इसके लिए उपचारित अनाज यूरिया खाद डीएपी आदि का उपयोग कर पानी की सिंचाई कर फसलों की पैदावार बढाने प्रयास किये गये है।

### बदलते मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी

धनोरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बेमौसम गरज- चमक के साथ जोरदार बारिश गुरुवार को शाम 4 बजे से 5.30 तक तेज बारिश के साथ ही 10 मिनट तक बेर के आकार के ओले गिरने से खेतों में खड़ी और काट कर रखी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा किसानों के अनुसार ज्यादा प्रभावित चना मसूर और गेहूं फसलें हुई है तेज हवाओं और बारिश के कारण खेत मे लगी गेहूं की फसल कहीं-कहीं खेतों में आड़ी गिर गई बेमौसम तेज बारिश, हवा, ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे में मायूसी छा गई है। धनोरा सहित आसपास के क्षेत्र अंडोल, पलानी, कोठिया, भुमका, झिरना,सगोनिया, भुमका, दामखोह इन क्षेत्रों में नुकसान होने का अनुमान है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रं.-1 छिंदवाड़ा में कक्षा 1 एवं बालवाटिका-03 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में सत्र 2025-26 के लिये कक्षा पहली एवं बालवाटिका-03 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने जानकारी दी कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 18 मार्च को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा पहली एवं बालवाटिका-03 में प्रवेश के इच्छुक अभिभावक 20 मार्च से 02 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से https://admission.kvs.gov.in लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य श्री धारकर के अनुसार, 31 मार्च 2026 की स्थिति में कक्षा पहली के लिए बच्चों की आयु 6 से 8 वर्ष तथा बालवाटिका-03 के लिए 5 से 7 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सेवारत अभिभावक का सेवा प्रमाण पत्र तथा निवास संबंधी प्रमाण पत्र साथ रखने की सलाह दी गई है। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत बीपीएल श्रेणी का लाभ केवल उन्हीं बच्चों को मिलेगा जिनके माता या पिता के नाम पर बीपीएल राशन कार्ड एवं संबंधित प्रमाण पत्र होंगे। दादा-दादी या नाना-नानी के नाम पर जारी बीपीएल कार्ड मान्य नहीं होगा। प्राचार्य श्री धारकर ने अभिभावकों से अपील की है कि आवेदन प्रक्रिया सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण आवेदन निरस्त न हो।

## सिवनी प्राणमोती स्थित कबाड़ मे लगी आग

**लाखों का माल जलकर राख, दो घंटे में आग पर पाया काबू**



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, सिवनी प्राणमोती स्थित एक कबाड़ की दुकान में अ चानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप ले लिया। आग लाखों रूपए का कबाड़ जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकलों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया गया।**

जानकारी अनुसार गुरूवार की शाम के साढ़ पांच बजे करीब एक कबाड़ की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते मौके पर हजारों लोगों का जमावड़ा लग गया। इस दौरान आग में खड्डे, टायर और अन्य सामग्री देखते ही देखते पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। सूचना पर तत्काल दो दमकल पहुंची। साथ ही 3 टैकरों पहुंचे। दमकलों ने चार चक्कर लगाए। इसी तरह टैंकरों ने दो बार चक्कर लगाए। तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। हालांकि बताया जा रहा है कि इस दौरान कबाड़ संचालक मौके पर नहीं पहुंच पाए। जिसके कारण आग से कितने का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इस दौरान पुलिस बल, निगम कर्मी सहित बिजली विभाग भी मौजूद रहा।

## श्री रामेश्वरम धाम में मंत्राचार्य के साथ हजारों यजमानों ने 1008 कुंडों में डाली आहुतियां

**श्री रामेश्वरम धाम में श्री शिव अभिषेक, देवी सहस्त्रार्चन और 1008 कुंडों में आहुतियों के साथ शुरू हुआ 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, हिन्दू धर्म में मंत्रों का अत्यंत महत्व है, जिन्हें दैवीय ऊर्जा और सकारात्मकता का स्त्रोत माना जाता है। इन्ही मंत्राचार्य के साथ ही श्री रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया है। श्री रामेश्वरम धाम में बने विशाल यज्ञ स्थल में देर शाम तक सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार ने हजारों यजमानों ने साथ 1008 कुंडों में मंत्राचार्य के बीच आहुतियां डाली। इसके पूर्व सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार और बडी संख्या में मौजुद श्रद्धालूओं ने श्री रामेश्वरम धाम में सुबह के समय श्री शिव अभिषेक और दोपहर में देवी जी का विधि विधान से सहस्त्रार्चन किया।**



उल्लेखनीय है कि श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति और साहू परिवार के द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 19 मार्च से 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य और पुण्य आयोजन में 26 मार्च तक प्रतिदिन हजारों यजमान 1008 यज्ञकुण्डों में आहुतियां अर्पित करेंगे। छिन्दवाड़ा के इतिहास में श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में गुरूवार को सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार, हजारों यजमान सहित हजारों श्रद्वालूजन शामिल हुये।

श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गुजरात कोहना से पधारे महंत सीताराम बापू जी, ओमकारेश्वर से पधारे महंत मंगलदास त्यागी जी, आनंद धाम राजना से पधारे संत विवेक जी महाराज और आचार्य पं. अरूण शर्मा शास्त्री जी एवं 200 से अधिक पुजारियों की प्रमुख उपस्थिति में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ कराया जा रहा है। जिसमें 26 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से श्री शिव अभिषेक, दोपहर 1:30 बजे से देवी सहस्त्रार्चन एवं दोपहर 3 बजे से 1008 कुंडों में आहुतियां डाली जाएगी। इस दिव्य और भव्य महायज्ञ की गरिमा को बनाए रखने के लिए सिर्फ यजमानों और सेवादारों को ही आई. कार्ड. वितरित किए गए है। बाकी सभी दर्शनार्थियों को सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ स्थल पर बिना आई. कार्ड के ही प्रवेश दिया जा रहा है। यज्ञस्थल के पास ही आमजनों और श्रद्धालुओं के लिए आहुतियां अर्पित करने हेतु अलग से यज्ञकुण्ड बनाया गया है, जहां पर सभी आमजन और श्रद्धालु आहुतियां अर्पित कर रहे है। श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जिलेवासियों व धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि भगवान भोलेनाथ एवं जगत जननी मां दुर्गा जी असीम कृपा से आयोजित हो रहे इस सहस्त्र चंडी महायज्ञ में उपस्थित होकर महायज्ञ का पुण्य लाभ अर्जित कर, अपने जीवन को सफल बनाए।

## तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा आएंगे पूर्व सांसद नकुलनाथ

**विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में होंगे सम्मिलित**



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत वे प्रदेश के चार जिलों का दौरा कर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, नरसिंहपुर व सिहोर जिले में आयोजित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे।**

पूर्व सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 20 मार्च दिन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। तदोपरांत वे हेलीकाप्टर द्वारा नरसिंहपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 11.30 बजे नरसिंहपुर जिला पहुंचकर रानी अवंतीबाई शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे छिन्दवाड़ा की अमरवाड़ा विधानसभा के सालीवाड़ा शारदा पहुंचकर पवित्र नवरात्र पर माता रानी के मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन कर माथा टेककर पूजन अर्चन कर जिले, प्रदेश व देशवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना करेंगे तदोपरांत सालीवाड़ा शारदा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे। माननीय नकुलनाथ जी का अपराह 4 बजे शिकारपुर आगमन होगा। तत्पश्चात वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 21 मार्च दिन शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नकुलनाथ का हेलीकाप्टर द्वारा प्रातः10.30 जुन्नारदेव विधानसभा के नीमकुही आगमन होगा तदोपरांत वे पूर्व मंत्री स्व. तेजीलाल सरेयाम के निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। दोपहर 11.15 बजे पांढुर्ना जिले के धनोरा नांदनवाड़ी एवं दोपहर 1 बजे पांढुर्ना जिले के चिचोलीबड़ पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित होंगे।

मौसम | तामिया क्षेत्र के कुआंबादला और बांगई में हो रहा था रेत का अवैध परिवहन

## तेज आंधी के साथ कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, सुबह से ही सूर्य भगवान आंख मिचैली खेल रहे थे। आसमान में बादल छाए हुए थे। दोपहर और शाम के समय जिले के कुछ हिस्सों में 'बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई है। इससे मौसम में ठंडक घुल गई है। इस ओलावष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिमसें सबसे अधिक असर छिंदी और अमरवाड़ा के कुछ क्षेत्रों में देखा गया है।**



वही पांढुर्ना के कुछ क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि हुई है। इस मौसम ने किसानों के माथे पर लकीर खींच दी है। बता दें कि किसानों ने गेहूं काटकर खलिहान में रख दिया है। गाहनी की तैयारी कर रहे है। ऐसे में बारिश होने से किसानों के सामने फिर समस्या खड़ी हो जाएगी। मौसम बैज्ञानिक डॉ संत कुमार शर्मा ने बताया कि ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर मध्य प्रदेश के मध्य भागों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। पश्चिमी विक्षोभ, उत्तरी पाकिस्तान एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में अवस्थित है, जिसके साथ ऊपरी एवं मध्य स्तर की पछुआ हवाओं में ट्रफ, माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर लगभग 68 ए देशांतर और 28एन अक्षांश के उत्तर में विस्तृत है। एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 22 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। इस कारण मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी तीन दिनों तक इसी तरह का मौसम रहेगा।

### अनाज और सब्जियों की फसलों को नुकसान

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अनाज की फसलों को सबसे अधिक नुकसान है। अनाज की फसलें पककर तैयार हो गई है। आंधी तूफान के कारण फसलें लेट जाएंगी। जिससे गेहूं की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। वही बारिश होती है, तो भी गेहूं की गुणवत्ता खराब हो जाएगी। इसी तरह जिन सब्जियों की फसलें फूल पर आ गई हैं उनके फूल झड़ जाएंगे। जिन सब्जियों में फल लग चुके है। ओल और आंधी की मार से गिर जाएंगे।


मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी

| हमें आवश्यकता है.... रिक्त पदः- | नर्सिंग स्टाफ - 10 | ड्यूटी डॉक्टर - 5 | रिसेप्शनिस्ट - 4 | टेली कॉलर - 2 | हाऊसकिपिंग स्टाफ - 4 | सुरक्षा गार्ड - पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | -: योग्यता:- B.Sc/M.Sc Nursing/GNM) | -: योग्यता:- MBBS/BAMS/ BHMS | -: योग्यता:- Graduation+C omputer | -: योग्यता:- Graduation | (पुरुष (2) महिला (2) | -: योग्यता:- ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास |

प्राथमिकता एक्सपियरेंस कैंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंज- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589